Adda247 GET IT ON Google Play

## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 12/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

17 9 29 21 65 57 ?

**Ans**
1. 175
2. 167
3. 173 ✔
4. 169

**Q.2** C, D, G, H, I, K और L एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
C के बाएं से गिनने पर D और C के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, I के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। H, I के ठीक दाएं बैठा है। H, D के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। L, K का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
G के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
1. H ✔
2. D
3. C
4. L

**Q.3** शब्द GUILDER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

**Ans**
1. 11 ✔
2. 12
3. 9
4. 10

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JIVE' को '1597' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FIVE' को '5781' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
1. 7
2. 8 ✔
3. 1
4. 5

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund


NABARD

IBPS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**


GET IT ON Google Play

**Q.5** एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



**Q.6** उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_OSNR_QLPK_JNIM_ LGK_

**Ans**

✗ 1. VMQHE


✗ 2. TNOGF

✓ 3. TMOHF


✗ 4. VNQGE


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.7** एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.8** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ चार्जर, बैटरी हैं।
कुछ चार्जर, पॉवर हैं।
कुछ बैटरी, एनर्जी हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चार्जर, एनर्जी हैं।
(II) कुछ बैटरी, पॉवर हैं।

**Ans**

✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.9 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

710 712 716 722 730 ?


Ans
✗ 1. 738

✓ 2. 740


✗ 3. 742


✗ 4. 744


Q.10 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।





Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.11 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A < B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A : B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'F ! L : A < S / H' है तो F का H से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी का पिता
2. भाई की पत्नी की बहन
3. भाई की पत्नी का पुत्र
4. भाई की पत्नी का भाई

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. OIP
2. OSM
3. MQK
4. LPJ


Q.13 DEATH अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से GLITZ से संबंधित है। GRAVE ठीक उसी प्रकार JYIVW से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, BENCH दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. FLVCZ
2. ELVCA
3. ELVCZ
4. FKVCA

Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.14** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




(X)

**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.15** यदि '−' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए और '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

$7 + 45 - 15 \times 5 \div 12 = ?$

**Ans**

1. 15
2. 14
3. 16
4. 17

**Q.16** सात व्यक्ति, L, M, N, O, W, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। Y के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Y और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, Y के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। X और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, O के दाएं किसी स्थान पर लेकिन N के बाएं किसी स्थान पर बैठा है। L के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

1. चार
2. एक
3. तीन
4. दो

Adda247


GET IT ON Google Play


Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
BFA CGA DHA EIA ?


Ans
1. JFA
2. FGH
3. FJA
4. FAJ


Q.18 उस वेन-आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।
व्हेल, स्तनपायी, सरीसृप

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Adda247

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से 'YFOT', 'CIRX' से संबंधित है। उसी तरीके से 'UBHW', 'YEKA' से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 'SAEX' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. VCGA
2. WCGC
3. WDHB
4. VBIC

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CLAP' को '6452' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PALM' को '5428' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. 4
2. 5
3. 8
4. 6

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की कौन-सी जयंती मनाई गई?

**Ans**
✔ 1. 154
✗ 2. 153
✗ 3. 152
✗ 4. 151

**Q.2** 'लाडालडी (Ladaladi)' ____________________ का एक लोक नृत्य है, जिसमें दूल्हा और दुल्हन को कंधों पर उठा लिया जाता है और अन्य लोग जोड़े के चारों ओर नृत्य करते हैं।

**Ans**
✗ 1. संथाल
✗ 2. गारो
✔ 3. भील
✗ 4. चकमा

**Q.3** 2023 के आँकड़ों के अनुसार, भारत के किस पड़ोसी देश में शिशु मृत्यु दर सबसे कम थी?

**Ans**
✗ 1. पाकिस्तान
✔ 2. श्रीलंका
✗ 3. बांग्लादेश
✗ 4. नेपाल

**Q.4** प्रसिद्ध तबला वादक, जाकिर हुसैन निम्नलिखित में से किस संगीत घराने से संबंधित थे?

**Ans**
✗ 1. बनारस घराना
✗ 2. दिल्ली घराना
✗ 3. इंदौर घराना
✔ 4. पंजाब घराना

**Q.5** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) सर्वेक्षण के 77वें राउंड के अनुसार, भारत में प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय क्या है, जिसकी गणना भुगतान किए गए व्यय दृष्टिकोण (paid-out expenses approach) का उपयोग करके की गई है?

**Ans**
✗ 1. ₹12,000
✗ 2. ₹8,000
✗ 3. ₹6,426
✔ 4. ₹10,218

**Q.6** दलितों के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर (Dr. BR Ambedka) ने कौन-सा संगठन बनाया था?

**Ans**
✗ 1. हरिजन सेवक संघ
✗ 2. डिप्रेस्ड क्लास मिशन
✗ 3. सोशल सर्विस लीग
✔ 4. बहिष्कृत हितकारिणी सभा

**Q.7** निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'खाद्य, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोजगार और उत्पादकता बढ़ाना था?

**Ans**
✗ 1. तीसरी योजना
✗ 2. छठी योजना
✔ 3. सातवीं योजना
✗ 4. चौथी योजना

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.8 नवंबर 2024 में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर (Dominica Award of Honour)' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ________________ उनके योगदान को मान्यता प्रदान करता है।

Ans
- ✔ 1. COVID-19 महामारी के दौरान
- ✘ 2. देश के IT क्षेत्र के विकास में
- ✘ 3. देश के कृषि क्षेत्र के विकास में
- ✘ 4. उनके प्रथम कार्यकाल के दौरान

Q.9 संविधान का कौन-सा अनुच्छेद देश के किसी भी उच्च न्यायालय को रिट (writ) जारी करने का प्राधिकार देता है?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 246
- ✔ 2. अनुच्छेद 226
- ✘ 3. अनुच्छेद 233
- ✘ 4. अनुच्छेद 254

Q.10 व्यापार के संदर्भ में 'थोक व्यापारी' कौन है?

Ans
- ✘ 1. वह व्यक्ति जो माल का परिवहन करता है
- ✘ 2. वह व्यक्ति जो माल का उत्पादन करता है
- ✔ 3. वह व्यक्ति जो बड़ी मात्रा में खरीदता और बेचता है
- ✘ 4. वह व्यक्ति जो छोटी मात्रा में माल खरीदता और बेचता है

Q.11 किस संशोधन अधिनियम ने देश में वस्तु एवं सेवा कर लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया?

Ans
- ✘ 1. 102वां संशोधन अधिनियम
- ✘ 2. 103वां संशोधन अधिनियम
- ✘ 3. 100वां संशोधन अधिनियम
- ✔ 4. 101वां संशोधन अधिनियम

Q.12 मानक वर्षामापी एक मौसम संबंधी उपकरण है जिसमें किस आकृति का एक संग्राहक (collector) होता है जो एक मापने वाली नली से जुड़ा होता है जिसका उपयोग किसी निश्चित समय में प्रति इकाई क्षेत्रफल में होने वाली वर्षा को मापने के लिए किया जाता है?

Ans
- ✘ 1. प्रिज्म-आकृति (Prism-shaped)
- ✔ 2. फनल-आकृति (Funnel-shaped)
- ✘ 3. डिस्क-आकृति (Disc-shaped)
- ✘ 4. J-आकृति (J-shaped)

Q.13 रासायनिक सूत्र $CH_3C≡CH$ वाला कौन-सा ऐल्काइन (alkyne), मीठी गंध वाली रंगहीन द्रवीकृत गैस के रूप में दिखाई देता है?

Ans
- ✔ 1. 1-प्रोपाइन (1-Propyne)
- ✘ 2. 1-ब्यूटाइन (1-Butyne)
- ✘ 3. 1-हेक्साइन (1-Hexyne)
- ✘ 4. एथाइन (Ethyne)

Q.14 जून 2024 में मोदी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए किसे नियुक्त किया गया?

Ans
- ✘ 1. शिवशंकर मेनन
- ✔ 2. अजीत डोभाल
- ✘ 3. मनोज गुप्ता
- ✘ 4. कटारगामा मेनन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 अशोक के शिलालेखों में मुख्यतः किस भाषा और लिपि का प्रयोग किया गया था?

Ans
✗ 1. संस्कृत और देवनागरी
✗ 2. पाली और खरोष्ठी
✗ 3. ग्रीक और लैटिन
✓ 4. प्राकृत और ब्राह्मी

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा कॉलम-A का कॉलम-B के साथ सही मिलान है?

| कॉलम -A (रोग के नाम) | | कॉलम -B (प्रभावित अंग) | |
|---|---|---|---|
| i | ट्यूबरक्लोसिस | a | लार ग्रंथि |
| ii | हेपेटाइटिस | b | प्रजनन पथ |
| iii | गोनोरिया | c | फेफड़े |
| iv | मम्प्स (Mumps) | d | यकृत |

Ans
✗ 1. i - c, ii - a, iii - b, iv - d
✗ 2. i - d, ii - c, iii - b, iv - a
✗ 3. i - c, ii - d, iii - a, iv - b
✓ 4. i - c, ii - d, iii - b, iv - a

Q.17 बी.सी.सी.आई. (BCCI) के पहले अध्यक्ष कौन थे?

Ans
✓ 1. आर.ई. ग्रांट गोवन
✗ 2. पी.एम. रुंगटा
✗ 3. ए.एन. घोष
✗ 4. सिकंदर हयात खान

Q.18 2011 में आयोजित संगीत नाटक अकादमी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में नृत्य के क्षेत्र में कितने अकादमी पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 13
✓ 3. 9
✗ 4. 11

Adda247

Q.19 भारतीय जनगणना में किसी व्यक्ति को साक्षर माने जाने के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?

Ans
✓ 1. 7 वर्ष
✗ 2. 10 वर्ष
✗ 3. 5 वर्ष
✗ 4. 15 वर्ष

Q.20 तैराक श्रीहरि नटराज भारत के किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans
✗ 1. गुजरात
✗ 2. केरल
✗ 3. महाराष्ट्र
✓ 4. कर्नाटक

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 ₹1240 प्रति सैकड़े की दर पर 400 अमरूद खरीदे गए और ₹940 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन अमरूदों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 187
2. 177 ✔
3. 167
4. 192

Q.2 20 और 25 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32.75
2. 31.75
3. 31.25 ✔
4. 32.25

Q.3 किसी मूलधन पर 9% की वार्षिक दर से 5 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹531 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1180 ✔
2. 1179
3. 1186
4. 1171

Q.4 एक आदमी ने एक वस्तु ₹35,400 में बेची और इस प्रक्रिया में 18% का लाभ कमाया। यदि उसने इसे ₹33,000 में बेचा होता तो उसका लाभ या हानि प्रतिशत क्या होता?

Ans
1. 15% हानि
2. 15% लाभ
3. 10% लाभ ✔
4. 10% हानि

Q.5 बबन के दो पोते राकेश और शिवम हैं। 13 वर्षीय राकेश को बबन की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 14 वर्षीय शिवम को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन राकेश और शिवम को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 22 वर्ष के हो जायेंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 5% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 22 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि बबन के पास कुल धनराशि ₹24600 थी, तो बबन ने शिवम को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 12000
2. 11750
3. 12950
4. 12600 ✔

Q.6 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 9 ÷ 3 - 2 × 3

Ans
1. 12
2. 16
3. 13 ✔
4. 15

Q.7 68 - 6 × [ 4 + 4 × { 12 - 4 ( 6 - 5 ) × 3} ÷ 15] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 50
2. 54
3. 47
4. 44 ✔

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.8 एक कस्बे की जनसंख्या में प्रतिवर्ष 8% की वृद्धि होती है। यदि वर्तमान जनसंख्या 45,000 है, तो 2 वर्ष बाद इसकी जनसंख्या कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 52,200
✗ 2. 52,316
✓ 3. 52,488
✗ 4. 52,532

Q.9 जब 8, 16, 18, 20 और 25 से सबसे छोटी संख्या x को भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 होता है, लेकिन x, 7 से विभाज्य है। x का मान कितना है?

Ans
✗ 1. 7320
✓ 2. 7203
✗ 3. 7023
✗ 4. 7302

Q.10 तीन व्यक्ति एक साथ टहलने के लिए निकलते हैं। उनके कदमों की लंबाई क्रमशः 90 cm, 95 cm और 75 cm है। प्रत्येक को कितनी न्यूनतम दूरी (मीटर में) तय करनी चाहिए ताकि वे उस दूरी को पूर्ण कदमों (complete step) में तय कर सकें?

Ans
✗ 1. 87.06
✓ 2. 85.5
✗ 3. 85.05
✗ 4. 87.6

Q.11 सुधा का व्यय उसकी बचत से 175% अधिक है। यदि उसके व्यय में 12% की कमी हो जाती है और बचत में 40.5% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans
✗ 1. 7%
✗ 2. 4%
✗ 3. 5%
✓ 4. 2%

Q.12 एक लम्ब वृत्तीय शंकु की ऊंचाई 10 cm है और इसके आधार की त्रिज्या 24 cm है। शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 624π
✗ 2. 620π
✗ 3. 640π
✗ 4. 580π

Q.13 P और Q किसी कार्य को क्रमशः 10 और 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि R उसी कार्य को 15 दिनों में बर्बाद कर सकता है। यदि P और Q पहले दिन कार्य करते हैं, R दूसरे दिन कार्य करता है और कार्य पूरा होने तक वे इसी पैटर्न का पालन करते हैं। पहली बार कार्य पूरा होने में कितने दिन लगेंगे?

Ans
✗ 1. $8\frac{1}{2}$
✓ 2. $8\frac{3}{4}$
✗ 3. $9\frac{3}{4}$
✗ 4. $9\frac{1}{2}$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 अमित, गोपाल और अक्षय का औसत वज़न 45 kg है। यदि अमित और गोपाल का औसत वज़न 43 kg है और गोपाल और अक्षय का औसत वज़न 47 kg है, तो गोपाल का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 60
✗ 2. 55
✗ 3. 65
✓ 4. 45

Q.15 बबन के दो पोते राकेश और शिवम हैं। 13 वर्षीय राकेश को बबन की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 14 वर्षीय शिवम को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन राकेश और शिवम को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 22 वर्ष के हो जायेंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 10% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 22 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि बबन के पास कुल धनराशि ₹23100 थी, तो बबन ने शिवम को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ 1. 11000
✓ 2. 12100
✗ 3. 12450
✗ 4. 10750

Q.16 एक स्कूटर चालक 42 km/h की चाल से यात्रा कर रहा है। 90 मिनट में वह कितनी दूरी (km में) तय करेगा?

Ans
✗ 1. 60
✓ 2. 63
✗ 3. 49
✗ 4. 55

Q.17 वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिसमें ₹8.30 प्रति kg वाले चावल को ₹5.30 प्रति kg वाले चावल के साथ मिलाया जाए तो ₹6.30 प्रति kg मूल्य का मिश्रण प्राप्त हो।

Ans
✓ 1. 1 : 2
✗ 2. 2 : 1
✗ 3. 1 : 3
✗ 4. 2 : 3

Q.18 ज़ाकिर शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{3}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 45 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
✓ 1. 90
✗ 2. 83
✗ 3. 85
✗ 4. 86

Q.19 माँ और पुत्री की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 2 है। 12 वर्षों बाद उनकी आयु का अनुपात 9 : 4 होगा। माँ की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
✗ 1. 48 वर्ष
✗ 2. 38 वर्ष
✓ 3. 42 वर्ष
✗ 4. 52 वर्ष

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 एक मेज का अंकित मूल्य ₹8,980 है। यदि दुकानदार 19% की छूट देता है, तो इसका विक्रय मूल्य (₹ में, निकटतम रुपये तक) कितना होगा?

Ans
1. ₹7,274
2. ₹7,427
3. ₹7,472
4. ₹7,247

Section : **Part-D-English**

Q.1 **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The discipline committee of the college pondered the matter for two hours but did not take any decision.**

Ans
1. thought down the matter
2. talked over the matter
3. pondering over the matter
4. grinned in the matter

Q.2 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Baroque**

Ans
1. Gilt
2. Florid
3. Ornate
4. Plain

Q.3 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The company is ________ financial difficulties due to declining sales.**

Ans
1. directing
2. facing
3. doing
4. challenging

Q.4 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Fatuous**

Ans
1. Brilliant
2. Lamebrain
3. Sappy
4. Dim

Q.5 **Select the most appropriate meaning of the given word.**

**Tedious**

Ans
1. Brief and concise
2. Boring and tiresome
3. Exciting and fun
4. Inspiring and uplifting

Q.6 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Lanky

Ans
1. Congenital
2. Rare
3. Rectangular
4. Plump

Q.7 The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.

He doesn't travel such more/ these days/ because he is not well.

Ans
1. No error.
2. these days
3. He doesn't travel such more
4. because he is not well.

Q.8 Select the most appropriate option to fill in the blank.

Researchers ___________ new technologies to improve recycling processes in the near future.

Ans
1. was developing
2. are developing
3. develop
4. has been developing

Q.9 Select the most appropriate option to fill in the blank.

After working tirelessly on the project for weeks, Mark finally decided to burn the midnight _________.

Ans
1. paper
2. water
3. oil
4. food

Q.10 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
1. Cuisine
2. Restaurants
3. Accolades
4. Exiuisite

Q.11 Select the most appropriate synonym of the given word.

Chastise

Ans
1. Compliment
2. Praise
3. Flog
4. Laud

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.12** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**Most of the passengers complained/ that the speed of the bus/ was usual fast.**

**Ans**
✗ 1. No error.
✗ 2. Most of the passengers complained
✗ 3. that the speed of the bus
✓ 4. was usual fast.

**Q.13** **Select the correct spelling of the incorrectly spelt word in the given sentence.**

**The principal announced several curricullam changes for the upcoming year.**

**Ans**
✗ 1. curicullam
✗ 2. curricural
✓ 3. curricular
✗ 4. currciular

**Q.14** **Select the most appropriate option to fill in the blank and make the sentence meaningful.**

**My grandmother ________ to the temple alone last night.**

**Ans**
✗ 1. is going
✗ 2. goes
✓ 3. went
✗ 4. have gone

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The farmers will _________ their fields tomorrow.**

**Ans**
✗ 1. collide
✓ 2. plough
✗ 3. tropical
✗ 4. isotope

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The US is the (1) shareholder in the World Bank and traditionally, the bank's president has been a US citizen (2) by Washington. Small island developing states have argued for moving the fund (3) ______ from a donor recipient model, with all their usual power imbalances, (4) a partnership founded on a shared commitment to protecting the planet.This will require partial or total (5) of the World Bank.This is already happening under its new president, some argue. But hosting the fund within the bank would still give donor countries disproportionate influence.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**
✗ 1. brightest
✗ 2. tallest
✓ 3. biggest
✗ 4. longest

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The US is the (1) ______ shareholder in the World Bank and traditionally, the bank's president has been a US citizen (2) ______ by Washington. Small island developing states have argued for moving the fund (3) ______ from a donor recipient model, with all their usual power imbalances, (4) ______ a partnership founded on a shared commitment to protecting the planet.This will require partial or total (5) ______ of the World Bank.This is already happening under its new president, some argue. But hosting the fund within the bank would still give donor countries disproportionate influence.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

✗ 1. radiated

✓ 2. nominated

✗ 3. culminated

✗ 4. ruminated

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The US is the (1) ______ shareholder in the World Bank and traditionally, the bank's president has been a US citizen (2) ______ by Washington. Small island developing states have argued for moving the fund (3) ______ from a donor recipient model, with all their usual power imbalances, (4) ______ a partnership founded on a shared commitment to protecting the planet.This will require partial or total (5) ______ of the World Bank.This is already happening under its new president, some argue. But hosting the fund within the bank would still give donor countries disproportionate influence.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✗ 1. beside

✗ 2. during

✗ 3. along

✓ 4. away

Adda247

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The US is the (1) ______ shareholder in the World Bank and traditionally, the bank's president has been a US citizen (2) ______ by Washington. Small island developing states have argued for moving the fund (3) ______ from a donor recipient model, with all their usual power imbalances, (4) ______ a partnership founded on a shared commitment to protecting the planet.This will require partial or total (5) ______ of the World Bank.This is already happening under its new president, some argue. But hosting the fund within the bank would still give donor countries disproportionate influence.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✓ 1. towards

✗ 2. behind

✗ 3. liable

✗ 4. lest

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The US is the (1) ______ shareholder in the World Bank and traditionally, the bank's president has been a US citizen (2) ______ by Washington. Small island developing states have argued for moving the fund (3) ______ from a donor recipient model, with all their usual power imbalances, (4) ______ a partnership founded on a shared commitment to protecting the planet.This will require partial or total (5) ______ of the World Bank.This is already happening under its new president, some argue. But hosting the fund within the bank would still give donor countries disproportionate influence.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**
- ✗ 1. resign
- ✗ 2. redeem
- ✗ 3. reckon
- ✓ 4. reform

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** 'इस साँप को मारना है,______।'

उपरोक्त वाक्य को पूरा करने के लिए उचित सार्थक और निरर्थक शब्द युग्म वाले विकल्प का चयन करें-

**Ans**
- ✗ 1. कोई-सोई डंडा लाओ
- ✓ 2. कोई डंडा-वंडा लाओ
- ✗ 3. कोई डंडा-लाठी लाओ
- ✗ 4. कोई डंडा लाओ-वाओ

**Q.2** निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?

व्यक्ति को अपने समय का सद्रूपयोग करना चाहिए।

**Ans**
- ✗ 1. अपने
- ✗ 2. व्यक्ति
- ✗ 3. चाहिए
- ✓ 4. सद्रूपयोग

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

**Ans**
- ✓ 1. लज्जा
- ✗ 2. देव
- ✗ 3. सुर
- ✗ 4. दानव

**Q.4** निम्नलिखित में से एकवचन से संबंधित वाक्य है-

**Ans**
- ✗ 1. मुझे कुछ जरूरी वस्तुएँ चाहिए।
- ✓ 2. उसके हाथ में पतंग है ।
- ✗ 3. कुछ अध्यापिकाएँ कमरे में बैठी हैं।
- ✗ 4. वे लड़के बहुत होनहार थे।

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन सा दीपक का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

**Ans**
- ✗ 1. दिवला
- ✗ 2. दीया
- ✓ 3. दिवा
- ✗ 4. प्रदीप

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | इन वैज्ञानिकों ने कई <u>आविष्कार</u> किए हैं।<br><br>वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित एकार्थी शब्द का उचित अर्थ है- | |
| Ans | ✔ 1. नवीन वस्तु का निर्माण करना<br>✗ 2. रहस्य खोजना<br>✗ 3. हथियार बनाना<br>✗ 4. अज्ञात स्थान खोजना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है:<br><br>सौ साल का समय | |
| Ans | ✗ 1. सौ वर्ष<br>✔ 2. शताब्दी<br>✗ 3. सौ समय<br>✗ 4. सौसाल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | उचित तत्सम शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण करें-<br>'रसोई का सभी सामान ________ में रखा है।' | |
| Ans | ✗ 1. घर<br>✔ 2. भांडागार<br>✗ 3. दुछत्ती<br>✗ 4. भण्डार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | 'दोनों दस्तावेजों में कोई साम्यता नहीं है, इनमें सुधार की आवश्यकता है।'<br>उपरोक्त वाक्य के किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है? | |
| Ans | ✗ 1. आवश्यकता<br>✗ 2. सुधार<br>✔ 3. साम्यता<br>✗ 4. दस्तावेजों | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | हंस के समान गति से चलने वाली – वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा ? | |
| Ans | ✔ 1. हंसगामिनी<br>✗ 2. गजवाहिनी<br>✗ 3. गजगामिनी<br>✗ 4. हंसवाहिनी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | 'आग में <u>समिधा</u> डालना ।' मुहावरे में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा - | |
| Ans | ✔ 1. घी<br>✗ 2. तेल<br>✗ 3. लौंग<br>✗ 4. सामग्री | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-<br><br>प्रधानमंत्री ने <u>क्षेत्रों का भूकंप पीड़ित</u> दौरा किया। | |
| Ans | ✔ 1. भूकंप पीड़ित क्षेत्रों का<br>✗ 2. पीड़ित भूकंप क्षेत्रों का<br>✗ 3. भूकंप का पीड़ित<br>✗ 4. भूकंप क्षेत्रों का पीड़ित | |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.13** **निम्नलिखित में से किस वाक्य में एक दूसरे के उचित विलोम शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है?**

**Ans**
- ✔ 1. मूर्ख क्या समझे , आस्तिक - वास्तविक का फर्क?
- ✘ 2. आत्मा का न आदि है न अंत ।
- ✘ 3. विषम परिस्थितियों में अज्ञ – विज्ञ का अंतर स्पष्ट हो जाता है।
- ✘ 4. रामन ने तरल – ठोस पदार्थों पर किरण के प्रभाव का अध्ययन किया।

**Q.14** **निम्न वाक्य में रेखांकित पद को संशोधित कर लिखिए।**
**वे सब कालचक्र <u>के पहिए के नीचे</u> पिस गए।**

**Ans**
- ✘ 1. पहिए के साथ
- ✘ 2. से
- ✔ 3. में
- ✘ 4. के पहिए

**Q.15** **निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक विलोम युग्म सही नहीं है?**

**Ans**
- ✔ 1. घना-गरम
- ✘ 2. गोप्य-प्रकाश्य
- ✘ 3. घना-विरल
- ✘ 4. गहन-पुलिन

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
आज के भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने ________(1) और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके ________(2) पर पड़ता है। कुछ लोग ________(3) तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से ________(4) होने पर भी उन्हें बनाए रखने और निरंतर बढ़ाने की ________(5) से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव हृदय-रोग, अलसर, डायबिटीज़ और दूसरी बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **गदयांश के प्रथम रिक्त स्थान को निम्न में से सर्वोचित शब्द से पूर्ण करें--**

**Ans**
- ✘ 1. भूत
- ✔ 2. कैरियर
- ✘ 3. चरित्र
- ✘ 4. परिवार

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
आज के भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने ________(1) और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके ________(2) पर पड़ता है। कुछ लोग ________(3) तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से ________(4) होने पर भी उन्हें बनाए रखने और निरंतर बढ़ाने की ________(5) से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव हृदय-रोग, अलसर, डायबिटीज़ और दूसरी बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **गदयांश के द्वितीय रिक्त स्थान को निम्न में से सर्वोचित शब्द से पूर्ण करें--**

**Ans**
- ✘ 1. जीव
- ✔ 2. स्वास्थ्य
- ✘ 3. स्तर
- ✘ 4. भाग

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
आज के भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने ________(1) और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके ________(2) पर पड़ता है। कुछ लोग ________(3) तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से ________(4) होने पर भी उन्हें बनाए रखने और निरंतर बढ़ाने की ________(5) से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव हृदय-रोग, अलसर, डायबिटीज़ और दूसरी बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **गदयांश के तृतीय रिक्त स्थान को निम्न में से सर्वोचित शब्द से पूर्ण करें--**

**Ans**
- ✗ 1. मानसिक
- ✗ 2. प्रेम की
- ✗ 3. शालीनता
- ✓ 4. आर्थिक

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
आज के भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने ________(1) और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके ________(2) पर पड़ता है। कुछ लोग ________(3) तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से ________(4) होने पर भी उन्हें बनाए रखने और निरंतर बढ़ाने की ________(5) से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव हृदय-रोग, अलसर, डायबिटीज़ और दूसरी बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गदयांश के चतुर्थ रिक्त स्थान को निम्न में से सर्वोचित शब्द से पूर्ण करें--**

**Ans**
- ✓ 1. संपन्न
- ✗ 2. संबद्ध
- ✗ 3. दूर
- ✗ 4. अभावग्रस्त

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
आज के भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील, अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने ________(1) और परीक्षा से चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके ________(2) पर पड़ता है। कुछ लोग ________(3) तंगी के कारण तनावग्रस्त हैं तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से ________(4) होने पर भी उन्हें बनाए रखने और निरंतर बढ़ाने की ________(5) से तनावग्रस्त हैं। यह तनाव हृदय-रोग, अलसर, डायबिटीज़ और दूसरी बीमारियों का भी कारण बन रहा है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गदयांश के पंचम रिक्त स्थान को निम्न में से सर्वोचित शब्द से पूर्ण करें--**

**Ans**
- ✗ 1. भावना
- ✗ 2. जिज्ञासा
- ✓ 3. भागदौड़
- ✗ 4. चहल-पहल

Adda247